भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2459
13 मार्च, 2025 को उत्तर देने के लिए

कृषि प्रसंस्करण पार्कों की स्थापना

2459. श्री वामसि कृष्णा गद्दाम:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएवाई) मे तहत पेड्डापल्ली में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां, कोल्ड स्टोरेज सुविधाएं और एक एकीकृत कृषि प्रसंस्करण पार्क स्थापित करने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) इन परियोजनाओं के लिए अनुमोदन, निधि आवंटन और कार्यान्वयन समय-सीमा की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ग) क्या सरकार चावल, मक्का और कपास जैसी फसलों के लिए कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने के लिए मेगा फूड पार्क योजना में पेड्डापल्ली को शामिल करने के लिए कोई कदम उठा रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) पेड्डापल्ली में इन पहलों से अनुमानित कितनी नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है और स्थानीय किसानों और कृषि उद्योगों को समर्थन देने के लिए सरकार की क्या योजना है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रवनीत सिंह)

(क) और (ख): खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) एक अम्ब्रेला योजना-प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) को वर्ष 2017-18 से पूरे देश में को लागू कर रहा है। पीएमकेएसवाई घटक योजनाओं का एक व्यापक पैकेज है, जिसका उद्देश्य खेत से लेकर खुदरा दुकानों तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक अवसंरचना का निर्माण करना है। पीएमकेएसवाई की घटक योजनाओं के अंतर्गत, देश भर में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए अनुदान सहायता के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है । पीएमकेएसवाई की घटक योजनाएं मांग आधारित प्रकृति की हैं और धन की उपलब्धता के अनुसार सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से समय-समय पर अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के माध्यम से आवेदन/प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं ।

पीएमकेएसवाई की शुरुआत के बाद से, तेलंगाना राज्य के पेड्डापल्ली जिले से खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां, शीत भंडारण सुविधाएं या एकीकृत कृषि प्रसंस्करण पार्क स्थापित करने के लिए कोई पात्र प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है ।

(ग) और (घ): मेगा फूड पार्क (एमपीएफ) योजना को 15 वें वित्त चक्र (एफसी) के दौरान दिनांक 01.04.2021 से बंद कर दिया गया है।

*****